## खबर संक्षेप

### शीला एवं पवन भारत रक्षा मंच के जिला संयोजक मनोनीत



**शहडोल।** भारत में विदेशी शक्तियों के विरुद्ध लगातार आवाज उठाने वाली भारत रक्षा मंच के राष्ट्रीय मंत्री व मध्य क्षेत्र संगठन प्रमुख डॉ. एच.पी.तिवारी व महिला प्रकोष्ठ की प्रांताध्यक्ष डॉक्टर आशा शुक्ला की सहमति से जिले से अमझोर निवासी शीला तिवारी को महिला प्रकोष्ठ जबकि पुरुष वर्ग में पवन तिवारी को जिला संयोजक मनोनीत किया है। इस नियुक्ति के साथ राष्ट्रीय मंत्री ने दोनों मनोनीत जिला संयोजकों से आशा की है कि दोनों ही अपने दायित्व का निष्ठापूर्वक निर्वहन कर भारत रक्षा मंच का विस्तार करेंगे। दोनों को जिला संयोजक मनोनीत किए जाने पर जिले के वरिष्ठ समाजसेवी, पदाधिकारियों एवं अन्य वरिष्ठ नागरिकों ने बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### छेड़छाड़ का आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

**शहडोल।** जिले के धनपुरी थाना क्षेत्र के ग्राम बेम्हौरी में नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ और फोटो एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल करने के आरोपी को पुलिस ने मात्र 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। 2 सितंबर को पीड़िता ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी कि गांव का युवक अर्जुन तिवारी उसे स्कूल आते-जाते समय परेशान करता है और उसकी फोटो को एडिट कर सोशल मीडिया पर डालता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी धनपुरी निरीक्षक खेमेंसिंह पेंड्रो ने त्वरित कार्रवाई की। जांच में आरोप सिद्ध होने पर पुलिस ने आरोपी अर्जुन तिवारी पिता रामजी तिवारी उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम बेम्हौरी को 3 सितंबर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 74, 78(1)(।।)(।) सहित 7/8 पाक्सो एक्ट व 67 आईटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी के साथ उपनिरीक्षक नागेन्द्र प्रताप, सज्जन, अंजना अहिरवार और भारत सिंह की अहम भूमिका रही।

### हितग्राहियों की ई-केवायसी कराने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने ई-केवायसी के प्रगति की समीक्षा करते हुए जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिए कि पेंशन, नया पंजीयन कराने वाले संबल योजना के हितग्राहियों तथा राशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों की ई-केवायसी का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए, अन्यथा पेंशन हितग्राहियों की पेंशन बंद हो सकती है। आपने कहा कि जिन पेंशनरों की मृत्यु हो चुकी है उनके नाम डिलीट कर दिए जाएं। बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती ज्योति परस्ते, भागीरथी लहरे, श्रीमती अन्तोनिआ एक्का सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### कांग्रेस का आयोजन, भाजपा की आपत्ति और प्रशासनिक पत्राचार से गर्माई राजनीति

# शहडोल में सड़क नामकरण बना सियासी रणक्षेत्र





शहडोल में सडक़ नामकरण को लेकर मंगलवार और बुधवार को सियासी हलचल तेज रही। कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. दीनदयाल गुप्ता के नाम पर सिंहपुर तिराहे से पोंड़ा नाला मार्ग का नामकरण करते हुए कार्यक्रम आयोजित किया। वहीं भाजपा समर्थित नगर पालिका उपाध्यक्ष ने इसकी वैधता पर सवाल उठाए और प्रशासन से शिकायत की। नगर पालिका के पत्र, आपत्तियों और कांग्रेस के आयोजन ने शहर की राजनीति को पूरी तरह गरमा दिया।

**शहडोल।** कांग्रेस और भाजपा के बीच टकराव का यह नया अध्याय सडक़ नामकरण को लेकर शुरू हुआ। कांग्रेस ने जहां इसे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी को श्रद्धांजलि बताते हुए बड़े आयोजन का रूप दिया, वहीं भाजपा ने इसे नियम विरुद्ध ठहराया। नगर पालिका के मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने पत्र जारी कर नामकरण प्रक्रिया पर सवाल उठाए और कहा कि बिना बोर्ड की स्वीकृति किसी भी सडक़ का नामकरण मान्य नहीं होगा। इस बीच कांग्रेस ने कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित कर राजनीतिक शक्ति का प्रदर्शन किया, जबकि भाजपा ने परोक्ष रूप से विरोध दर्ज कराया।

### नगर पालिका का पत्र

मुख्य नगरपालिका अधिकारी अक्षत बुंदेला ने कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष को पत्र भेजकर कहा कि नगर के किसी भी मार्ग का नामकरण वैधानिक प्रक्रिया के तहत ही संभव है। बिना बोर्ड की स्वीकृति और शासकीय आदेश के इस प्रकार का आयोजन अमान्य होगा। पत्र वायरल होते ही यह मुद्दा चर्चा में आ गया और भाजपा खेमे ने इसे कांग्रेस की मनमानी करार दिया।

### शिकायत और विरोध

बुधवार की सुबह कुछ स्थानीय नागरिकों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने सडक़ के नामकरण को लेकर कलेक्टर को लिखित शिकायत सौंपी। उनका कहना था कि यह मार्ग गणेश मंदिर चौराहा कहलाता है और वर्षों से इसी नाम से जाना जाता है। इस पर किसी अन्य व्यक्ति का नाम रखना उचित नहीं है। युवाओं ने मौके पर पहुंचकर कार्यक्रम का विरोध भी दर्ज कराया, हालांकि आयोजन स्थल निजी संपत्ति होने के कारण कार्यक्रम प्रभावित नहीं हुआ।

### कांग्रेस का कार्यक्रम



पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कांग्रेस ने सिंहपुर तिराहे पर नामकरण और भंडारे का आयोजन किया। इसमें विधायक फुंदेलाल सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। वक्ताओं ने स्व. दीनदयाल गुप्ता के सामाजिक और स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े योगदान को याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक शामिल हुए।

### प्रशासनिक चैनल का उपयोग

केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार है, लेकिन शहडोल नगर पालिका कांग्रेस के कब्जे में है। यही कारण है कि कांग्रेस ने इस कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष और कांग्रेस विधायक की मौजूदगी से अपनी राजनीतिक ताकत दिखाने का मंच बना दिया। दूसरी ओर भाजपा ने सीधे तौर पर विरोध न करते हुए प्रशासनिक चैनल और शिकायतों के जरिए कांग्रेस को घेरने का प्रयास किया।

### सत्ता संतुलन की खींचतान उजागर

इस पूरे घटनाक्रम ने साफ कर दिया कि शहडोल की राजनीति आने वाले दिनों में और गरम होगी। कांग्रेस ने जहां भावनात्मक और संगठनात्मक ताकत का प्रदर्शन किया, वहीं भाजपा ने प्रशासनिक और कानूनी दांव चला। नामकरण जैसे मुद्दे ने स्थानीय स्तर पर कांग्रेस-भाजपा के बीच सत्ता संतुलन की खींचतान उजागर कर दी है। राजनीतिक समीक्षकों का मानना है कि आने वाले चुनावी समीकरणों में यह घटना महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

### दो टुकड़ो में दिखा भगवा खेमा

शहडोल की सियासत इन दिनों सडक़ के नाम पर उलझी पड़ी है, कांग्रेस ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. दीनदयाल गुप्ता के नाम पर तिराहे से नाले तक सडक़ का नामकरण कर ताकत दिखाई, तो भाजपा ने इसे अवैध ठहराकर प्रशासनिक शिकायती रास्ता चुना, लेकिन असल खेल अंदर ही अंदर चला, क्योंकि कार्यक्रम में भाजपा के ही कई चेहरे मौजूद रहे, जिससे साफ हो गया कि भगवा खेमा अब दो टुकड़ों में बंट चुका है, भाजपा आपसी खींचतान में उलझकर महज़ विरोध-पत्रों तक सिमट गई।



# पनपथा में कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन

### वन विभाग के खिलाफ उभरा जनाक्रोश, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

**मानपुर।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व अंतर्गत पनपथा ग्राम में बुधवार को कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन उस समय ऐतिहासिक बन गया, जब हजारों की भीड़ ने वन विभाग की कार्यप्रणाली के खिलाफ खुला मोर्चा खोल दिया। कांग्रेस नेताओं और ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि वन विभाग गरीबों और आदिवासी समुदाय का दमन कर रहा है। नारों की गूंज के बीच विशाल रैली ने पनपथा वन कार्यालय को घेर लिया और विभागीय तानाशाही के खिलाफ जबरदस्त आक्रोश व्यक्त किया।

### ग्रामीणों को झूठे मामलों में फंसाने का आरोप

सभा में बोलते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि वन विभाग आए दिन लोगों पर झूठे प्रकरण दर्ज करता है। कभी जंगली मशरूम (पिहरी) तोडऩे, तो कभी वन्य जीवों का पीछा करने जैसे निराधार आरोप लगाकर ग्रामीणों को प्रताड़ित किया जा रहा है। इससे गांवों में भय और नाराजगी गहराती जा रही है।

### अब नहीं चलेगा शोषण

जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय कोल ने कहा कि वन विभाग गरीब और आदिवासी समुदाय को प्रताड़ित कर रहा है। यदि दोषी अधिकारियों पर तत्काल कार्रवाई नहीं हुई, तो कांग्रेस सडक़ से सदन तक बड़ा आंदोलन करेगी। विधायक फुन्देलाल सिंह ने वन विभाग को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि पनपथा क्षेत्र के लोग सदियों से जंगल पर आश्रित रहे हैं। आज उन्हीं को फर्जी मामलों में फंसाकर डराना लोकतंत्र पर हमला है। वरिष्ठ अधिवक्ता पुष्पराज सिंह ने कहा कि बिना ठोस साक्ष्य किसी पर आपराधिक प्रकरण दर्ज करना कानून का खुला दुरुपयोग है। यह न्याय व्यवस्था की गरिमा को आहत करता है और निर्दोषों की जिंदगी तबाह करता है।

### वन कार्यालय का घेराव और ज्ञापन

जनसभा के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों की भीड़ विशाल रैली में तब्दील हो गई। पनपथा वन कार्यालय का घेराव कर विभागीय अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारे लगाए गए। इसके बाद तहसीलदार को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें मांग की गई कि पनपथा के वन अधिकारी भूरा गायकवाड़ सहित अन्य दोषियों को तत्काल हटाया जाए। ग्रामीणों पर दर्ज सभी फर्जी प्रकरणों को निरस्त किया जाए। वन विभाग की मनमानी और तानाशाही पर कड़ी लगाम कसी जाए।

### जनसमूह ने दिखाई ताकत

कार्यक्रम में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। मंच पर जिला अध्यक्ष विजय कोल, विधायक फुन्देलाल सिंह और अधिवक्ता पुष्पराज सिंह ने लोगों का नेतृत्व किया। भीड़ का आक्रोश स्पष्ट संकेत दे रहा था कि वन विभाग के खिलाफ जनता अब और चुप रहने को तैयार नहीं है। कांग्रेस नेताओं ने साफ चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई में ढिलाई बरती, तो आंदोलन को जिला स्तर से आगे बढ़ाकर प्रदेश स्तर तक ले जाया जाएगा। पनपथा का यह शक्ति प्रदर्शन प्रशासन और वन विभाग के लिए खतरे की घंटी माना जा रहा है।

## अभियान चलाकर छात्रावासों को बनाएं स्वच्छ एवं सुंदरः उपायुक्त



**शहडोल।** उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग जे.पी. यादव ने शासकीय ज्ञानोदय आवासीसय विद्यालय विचारपुर के बालक एवं बालिका छात्रावासों का आकस्मिक रूप से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त जे.पी. यादव ने छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए साफ-सफाई एवं छात्रावास की किसी वस्तु को नुकसान न पहुंचाने के संबंध में प्रेरित किया। सप्ताह में एक दिवस संपूर्ण छात्रावास एवं परिसर के साफ-सफाई के लिए साप्ताहिक अभियान चलाकर छात्रावासों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाएं। श्री यादव ने छात्रों से कहा कि अपने-अपने कक्षों की साफ-सफाई एवं सजावट की जिम्मेदारी स्वयं की हैं। प्रतिमाह दो-दो सर्वश्रेष्ठ कक्षों का चयन कर उसमें रहने वाले विद्यार्थियों को इसके लिए सम्मानित किया जायेगा। निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियो के अभिभावको से भी चर्चा कर आवश्यक सुझाव प्राप्त किये। निरीक्षण के दौरान छात्रावासो में गंभीर अव्यवस्था पाये जाने पर बालक छात्रावास अधीक्षक नीलशरण सिंह की दो वेतनवृद्धि रोके जाने एवं बालिका छात्रावास अधीक्षिका श्रीमती अनीता खलखो, श्रीमती बसंती उइके की एक-एक वेतनवृद्धि रोके जाने एवं उन्हें कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। अव्यवस्थाओं के लिए ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय विचारपुर के प्राचार्य दिनेश चन्द्र मिश्रा को स्पष्टीकरण सूचना पत्र जारी किया गया है। उन्होंने आदेश दिए है कि संस्था के सभी छात्रावास अधीक्षकों तथा प्राचार्य छात्रावासो के सभी प्रकार की समस्याओं को तीन दिवस में निराकरण कर प्रतिवेदन भेजे। आगामी सप्ताह में पुनः निरीक्षण किया जाएगा।

## श्री चंद्रप्रभ जिनालय में दसलक्षण पर्व का भव्य आयोजन



**शहडोल।** नगर स्थित श्री चंद्रप्रभ जिनालय में पर्वाधिराज दसलक्षण पर्व बहुत ही भव्य एवं दिव्य रूप में मनाया जा रहा है। साधर्मियों द्वारा प्रातःकाल जिनेन्द्र भगवान का अभिषेक, पूजन एवं विधान के माध्यम से भक्तिगंगा में स्नान किया जा रहा है। विगत दिनों में पंच परमागम विधान एवं आज श्री तत्त्वार्थसूत्र जी विधान का आयोजन किया गया। मंगलायतन से पधारे मंगलार्थी समकित जी शास्त्री ने आचार्य उमास्वामी एवं उनके कर्तृत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि तत्त्वार्थसूत्र जी इस विश्व का अद्वितीय ग्रन्थ है तथा जैन दर्शन के प्रत्येक विषय का बीजभूत है।

सायंकाल की बेला में प्रतिदिन आध्यात्मिक पाठ, जिनेन्द्र भक्ति, स्वाध्याय एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से साधर्मी बंधु धर्मलाभ ले रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष श्री कमल जैन, सुनील जैन, वीरेंद्र जैन, विकास जैन, सौरभ जैन, अनमोल जैन, संदीप जैन, मुकुल जैन, वीरेंद्र जैन चंचल, नरेंद्र जैन, सुरेश चौधरी एवं समस्त महिला साधर्मी ग्रुप का अद्वितीय योगदान रहा। साथ ही श्रीमती शिवानी जैन सीईओ, जयसिंहनगर ने विधान मंडल पर प्रतीक चिह्न, समवसरण आदि विराजमान करके कार्यक्रम के गौरव को बढ़ाया। दसलक्षण पर्व आराधना का महापर्व है। यह जैनधर्मावलंबियों के साथ साथ संपूर्ण विश्व के लिए शांतिप्रदायक और कल्याणकारी है तथा जीवन जीने की कला सिखाता है।

## बरगवां अमलाई में भाजपा पार्षद पवन चीनी का अनुकरणीय प्रयासः स्वच्छता की नई मिसाल



**शहडोल।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के लिए प्रदेश सरकार करोड़ों रुपए खर्च कर रही है, लेकिन अनूपपुर जिले की नगर परिषद बरगवां अमलाई में भाजपा पार्षद पवन चीनी ने जो कदम उठाया है, उसने सरकारी प्रयासों को आइना दिखा दिया है। अपने निजी खर्च पर मजदूर लगाकर सफाई अभियान चलाने वाले पवन चीनी ने न केवल समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई है, बल्कि एक अनुकरणीय उदाहरण भी प्रस्तुत किया है। अनूपपुर और शहडोल की सीमा पर स्थित नगर परिषद बरगवां अमलाई के वार्ड नंबर 7 से भाजपा पार्षद पवन चीनी इन दिनों इलाके में चर्चा का विषय बने हुए हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 को लेकर जहां प्रदेश सरकार बड़े पैमाने पर राशि खर्च कर रही है, वहीं जमीनी स्तर पर इसके अपेक्षित नतीजे नहीं दिख रहे। इस बीच पवन चीनी ने अपनी जिम्मेदारी समझते हुए खुद सफाई का बीड़ा उठाया है।बीते चार दिनों से पवन चीनी ने अपने निजी खर्च पर दो दर्जन से अधिक महिला और पुरुष मजदूरों को क्षेत्र में लगाया है। इनमें रेलवे स्टेशन के पास स्थित कोल इंडिया की कालोनियां, बसंतपुर दफाई, मैगजीन दफाई और अमलाई दुर्गा मंदिर बाजार जैसे भीड़भाड़ वाले स्थान शामिल हैं। यहां मजदूर कचरा उठाने, गाजर घास की सफाई करने और गलियों को व्यवस्थित करने का कार्य कर रहे हैं। खास बात यह है कि पवन चीनी खुद भी सफाई में हाथ बंटाते हुए मजदूरों के साथ पसीना बहा रहे हैं।

उनका यह कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता अभियान के आह्वान को सार्थक करने वाला है। स्थानीय लोग भी इस पहल से प्रभावित नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर उनके सफाई अभियान के वीडियो और तस्वीरें जमकर वायरल हो रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि जब परिषद का भारी-भरकम बजट सफाई पर खर्च नहीं हो रहा तो एक पार्षद का यह प्रयास वास्तव में प्रेरणादायक है।

**स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं: पवन**

स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। पवन चीनी पार्षद ने कहा कि मैंने सोचा कि अगर हम सब मिलकर आगे आएं तो अपने नगर को स्वच्छ और सुंदर बना सकते हैं। मैंने मजदूरों के साथ खुद सफाई करने का निर्णय इसलिए लिया ताकि समाज को संदेश दिया जा सके।

**स्थानीय नागरिकों के बयान**

हमारे क्षेत्र में पहले सफाई की गंभीर समस्या थी, लेकिन पवन चीनी जी के प्रयासों से हालात तेजी से बदल रहे हैं। यह अनुकरणीय पहल है, जिससे लोगों को भी प्रेरणा मिल रही है।

**(रमेश यादव, निवासी दुर्गा मंदिर बाजार)**

नगर परिषद की सफाई व्यवस्था कागजों तक ही सीमित रही है। पहली बार हमने देखा कि एक पार्षद अपने पैसे से मजदूर लगाकर सफाई करवा रहे हैं और खुद भी काम कर रहे हैं। यह काबिल-ए-तारीफ है।

**(आशा बाई, निवासी बसंतपुर दफाई)**

बरगवां अमलाई के पार्षद पवन चीनी का यह प्रयास न केवल स्थानीय निकाय की लापरवाही को उजागर करता है, बल्कि समाज को एक नया रास्ता भी दिखाता है। उनका सफाई अभियान आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छता का संदेश है और यह बताता है कि जज्बा हो तो बदलाव किसी भी स्तर पर संभव है।

# बुढ़ार में चोरों का आतंक



### काली मंदिर की दान पेटी पर हाथ साफ

**शहडोल।** जिले में चोरों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि अब भगवान का घर भी सुरक्षित नहीं रहा। बुढ़ार नगर के काली मंदिर में चोरों ने धावा बोलते हुए मंदिर की दान पेटी ही उड़ा दी। घटना का पूरा मंजर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। चोरों ने बेखौफ अंदाज में मंदिर का ताला तोड़ा और हजारों रुपये से भरी दान पेटियां लेकर फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक, चोरी की यह वारदात वार्ड नंबर 8 स्थित काली मंदिर में हुई। शिकायतकर्ता देवेंद्र सिंह ने बताया कि मंदिर में रखी दो दान पेटियों को चोर ताला तोडक़र उठा ले गए। पेटियों में लगभग 10 हजार रुपये नगद मौजूद थे।

### कैमरे में कैद, फिर कैमरा भी तोड़ा

सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि एक चोर मंदिर का ताला तोड़ रहा है, जबकि उसका साथी बाहर मोटरसाइकिल लेकर खड़ा है। चोर को जब एहसास हुआ कि वह कैमरे में कैद हो रहा है तो उसने बाद में सीसीटीवी को ही तोड़ दिया। इस दुस्साहस ने स्थानीय लोगों को और दहला दिया है।

### कब लगेगा चोरी पर अंकुश?

एक तरफ पुलिस चोरी की घटनाओं के खुलासे के दावे करती है, वहीं दूसरी ओर लगातार वारदातें पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रही हैं। अब मंदिर की चोरी ने तो आम जनता के विश्वास को भी चोट पहुंचाई है। लोगों का कहना है कि अगर जल्द ही पुलिस सख्ती नहीं बरती गई, तो चोरों का यह आतंक और बढ़ेगा।

### इनका कहना है...

दो दान पेटियां चोरी होने की पुष्टि हुई है। सीसीटीवी फुटेज में चोर का चेहरा स्पष्ट दिखाई दे रहा है और पुलिस आस-पास के इलाकों में तलाश कर रही है। जल्द ही आरोपी पकड़े जाएंगे।

**संजय जायसवाल**
**थाना प्रभारी, बुढ़ार**

**शपथ पत्र**

मैं याकूब अंसारी पिता अली हसन अंसारी निवासी वार्ड क्रमांक 06/09 मदरसा के पास रेलवे कालोनी धनपुरी, थाना अमलाई, तहसील बुढ़ार,जिला शहडोल म.प्र. का हूं। मैं शपथ पूर्वक निम्न कथन करता हूं, यहकि मेरी पुत्री आशिफा निशा है, जो कि एमजीएम स्कूल में कक्षा 10 वीं में अध्ययनरत है। यहकि विद्यालय के अभिलेखों में पिता का नाम मोहम्मद याकूब अंसारी दर्ज है जो कि त्रुटिपूर्ण है, जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम याकूब अंसारी (Yakub Ansari) दर्ज है जो कि सही है। यह कि मैं चाहता हूं कि विद्यालय के अभिलेखों में दर्ज पिता के नाम के स्थान पर पिता का सही नाम याकूब अंसारी (Yakub Ansari) दर्ज कर दिया जाये, जिससे किसी भी प्रकार की कोई भी परेशानी उत्पन्न न हो। उक्त तथ्यों के समर्थन में यह हलफनामा लिखा रहा हूं।

हस्ताक्षर शपथकर्ता
याकूब अंसारी

## खबर संक्षेप

### आधार कैंप का सीएमएचओ ने किया निरीक्षण



**उमरिया।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर व्ही.एस.चंदेल ने ग्राम पंचायत भरौला में आयोजित आधार कैंप का निरीक्षण किया । सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी प्रतिभा सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत धनवाही एवं ग्राम भरौला मिलाकर कुल 35 आधार अपडेट किए जाने है जिसमे 10 आधार अपडेट किया गया है एवं 4 आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा गतिविधि को संयोजित तरीके से कार्य कर पूर्ण करने के निर्देश दिए। गतिविधि के संबंध में उपस्थित ग्राम सचिव संतोष राय एवं उपस्थित आशा कार्यकर्ता अनिता चौधरी ,विनीत शर्मा को ग्राम 100 प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हेतु निर्देशित किया गया डॉक्यूमेंट अपग्रेडेशन के संबंध में सचिव संतोष राय को आवश्यक निर्देश प्रदान किया गया।

### 19 सितंबर को युवा संगम रोजगार मेला

**उमरिया।** जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि युवा संगम रोजगार मेला का आयोजन सामुदायिक भवन सगरा शिव मंदिर के पास 19 सितंबर को किया गया है । रोजगार मेले के माध्यम से अधिक से अधिक युवक युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा ।

### सीईओ ने छात्रावास करकेली का किया निरीक्षण



**उमरिया।** सीईओ जनपद पंचायत करकेली हरनीत कौर कलसी ने 50 बिस्तरीय शासकीय अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास करकेली का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 50 छात्रायें पंजीकृत पाई गई,जिसमें 44 उपस्थित रही।कमरें में बिस्तर, आलमारी,पंखे,लाईट की व्यवस्था सही पाई गई । छात्रावास में पानी की समुचित व्यवस्था पायी गई एवं सम्पूर्ण परिसर, कमरे, हॉल, बरामदा की साफ-सफाई अच्छी रही । भोजन, नास्ता के बारे में छात्राओं से पूंछतांछ की गई, जिनकें द्वारा शुद्ध रूचिकर स्वादिष्ट भोजन,नास्ता मिलना बताया गया। छात्राओं से समस्या,शिकायत पर चर्चा की गई, जिनके द्वारा किसी प्रकार की समस्या,शिकायत नही बताई गई। छात्राओं का समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण चिकित्सकों द्वारा होना पाया गया। कम्प्यूटर लैब, सीसीटीवी कैमरे लगा होना पाया गया। शौचालय, बाथरूम का अवलोकन किया गया, जिसमें साफ-सफाई पाई गई।

### आवासीय उपयोग की जमीन पर दुकानों का कब्जा, नगर परिषद मौन

# जयसिंह नगर: सरकारी भूमि पर अतिक्रमण का बड़ा खेल

**जयसिंहनगर नगर परिषद क्षेत्र में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण का मामला लगातार गंभीर रूप लेता जा रहा है। जहां पहले से ही शहर में जमीनों की भारी कमी है, वहीं आवासीय उपयोग के लिए दी गई मूल्यवान भूमि पर व्यावसायिक प्रतिष्ठान खड़े कर दिए गए हैं। नगर परिषद की चुप्पी और प्रशासन की ढिलाई ने अवैध कब्जेदारों के हौसले बुलंद कर दिए हैं।**



**शहडोल।** जिले के जयसिंहनगर में पीडब्ल्यूडी की आवासीय भूमि, जिसे सार्वजनिक हित और नगर परिषद के उपयोग के लिए हस्तांतरित किया गया था, आज अवैध अतिक्रमण का शिकार हो चुकी है। पूर्व पार्षद जयप्रकाश पाण्डेय और अन्य नागरिकों ने इस विषय पर कई स्तरों पर शिकायत दर्ज कराई है। आरोप है कि पंचम इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड फर्नीचर नामक दुकान ने इस भूमि पर कब्ज़ा कर लिया है और खुलेआम व्यावसायिक गतिविधियां संचालित कर रहा है। यही नहीं, बस स्टैंड, सडक़ किनारे और अन्य सरकारी भूखंडों पर भी लगातार अतिक्रमण बढ़ रहा है। सवाल यह है कि आखिर नगर परिषद और प्रशासन कब कार्रवाई करेगा?

#### आवासीय भूमि पर व्यावसायिक कब्ज़ा

नगर परिषद को हस्तांतरित आवासीय भूमि का स्पष्ट उद्देश्य था कि यहां जरूरतमंदों के लिए शेड निर्माण और सार्वजनिक उपयोग की योजनाएं लागू की जाएं। मगर इस भूमि पर पंचम इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड फर्नीचर ने कब्ज़ा कर लिया और दुकान खोल दी। जबकि इस भूमि का उपयोग व्यावसायिक गतिविधियों के लिए प्रतिबंधित था। इस तरह के अतिक्रमण से न केवल आवासीय योजनाएं प्रभावित हो रही हैं, बल्कि सरकारी आदेशों की सीधी अवहेलना भी हो रही है।

#### हाईकोर्ट में मामला लंबित, फिर भी कब्जा

भूमि विवाद को लेकर मामला पहले से ही हाईकोर्ट में लंबित है। बावजूद इसके कब्जाधारियों ने अपनी व्यावसायिक गतिविधियां रोकने के बजाय और तेज कर दी हैं। शिकायतों में साफ लिखा गया है कि न्यायालय के आदेशों को दरकिनार कर कब्ज़ाधारी बेखौफ तरीके से दुकान चला रहा है। यह स्थिति प्रशासनिक उदासीनता और नगर परिषद की निष्क्रियता को उजागर करती है।

#### नगर में फैल रहा अतिक्रमण

जयसिंहनगर में बस स्टैंड, मुख्य सडक़ और सार्वजनिक स्थलों पर भी अतिक्रमण का बोलबाला है। ठेला-खोमचे वालों के लिए बनाई जाने वाली जगहों पर निजी दुकानें कब्ज़ा जमाए बैठी हैं। आम नागरिकों के लिए यातायात और आवागमन मुश्किल हो रहा है। लोगों का कहना है कि नगर परिषद केवल कागजों पर कार्रवाई दिखाती है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाते।

#### नगर परिषद की भूमिका संदिग्ध

नियमों के अनुसार, यदि भूमि का उपयोग शर्तों के विपरीत होता है तो नगर परिषद को तुरंत कार्रवाई कर जमीन को पुनः अधिग्रहित करना चाहिए। मगर नगर परिषद ने अभी तक कोई सख्त कदम नहीं उठाया। इससे यह संदेह पैदा होता है कि कहीं नगर परिषद के कुछ अधिकारी भी इस अतिक्रमण खेल में मौन सहमति तो नहीं दे रहे। पूर्व पार्षद ने अपनी शिकायत में इस बात पर भी सवाल उठाए हैं।

#### बहुमूल्य भूमि का नुकसान

जयसिंहनगर में पहले से ही सरकारी और आवासीय भूमि की भारी कमी है। ऐसे में यदि सार्वजनिक हित की जमीन पर कब्ज़ा होता है तो भविष्य में विकास कार्य रुक जाएंगे। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि यह भूमि आवासीय भवन निर्माण और आम जनता की सुविधा के लिए अत्यधिक उपयोगी थी। मगर निजी व्यवसायियों ने अपने फायदे के लिए इसे हड़प लिया, जिससे नगर के विकास को सीधा नुकसान हुआ है।

#### कड़ी कार्रवाई की मांग

पूर्व पार्षद जयप्रकाश पाण्डेय ने साफ कहा है कि अवैध कब्ज़ा करने वालों पर तुरंत कार्रवाई हो और भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए। उन्होंने मांग की है कि प्रशासन हाईकोर्ट को संपूर्ण जानकारी दे और दोषियों पर कठोर दंडात्मक कदम उठाए। नागरिकों का भी यही कहना है कि यदि अब कार्रवाई नहीं हुई तो, सरकारी भूमि बचाना नामुमकिन हो जाएगा।

## खनिजों का अवैध उत्खनन, परिवहन करने पर हुई कार्यवाही



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन-परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम के लिए दिए गए निर्देश के परिपालन मे प्रभारी अधिकारी डॉ. विद्याकांत तिवारी, सहायक खनिज अधिकारी दिवाकर चतुर्वेदी, खनिज निरीक्षक प्रभात कुमार पट्टा एवं प्रभारी खनिज निरीक्षक की टीम द्वारा ग्राम बडेरी तहसील बांधवगढ अंतर्गत खनिज रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण की रोकथाम के लिए खनिज विभाग द्वारा ग्राम बडेरी से मुडेहना नदी के कच्चे मार्ग पर विभिन्न ढेरों में भंडारित रेत को जे.सी.बी. मशीन के माध्यम से खुर्द-बुर्द कराया गया , और नदी को जाने वाले रास्तों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुये मार्ग को कटवाया गया ताकि अवैध उत्खनन करने वाले वाहन नदी में प्रवेश न कर सकें।



ग्राम ओदरी स्थित गहिरा नाला से खनिज रेत लोड कर परिवहन करते हुये डग्गी (टिपर) क्रमांक एमपी 19 जीए 4945 जिसका वाहन चालक तुलसी यादव निवासी बुढार जिला शहडोल एवं वाहन मालिक विजय प्रजापति निवासी पुरानी बस्ती शहडोल को जप्त कर पुलिस चौकी घुनघुटी में खड़ा कराया है।

तहसील नौरोजाबाद अंतर्गत ग्राम कोहका से खनिज पत्थर का अवैध परिवहन करते हुये बिना नंबर का महिन्द्रा ट्रेक्टर वाहन चालक संतराम कोल पिता बुद्धू कोल निवासी नौरोजाबाद से जप्त कर थाना नौरोजाबाद मे सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया तथा नौरोजाबाद जोहिला पुल के नीचे से खनिज मुरूम/बजरी मिक्स परिवहन करते हुये वाहन क्रमांक एमपी 18 एच 4920 को जप्त किया गया। प्रकरणों में म.प्र. खनिज अवैध (खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 में निहित प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जा रही है।

## जिला शिक्षा अधिकारी ने छात्रावासों का किया निरीक्षण

**उमरिया।** जिला शिक्षा अधिकारी आर.एस. मरावी,सहायक परियोजना समन्वयक विनीत कुमार के.व्ही.,राम सखी मरावी प्राचार्य कन्या करकेली राज्य स्तर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर वैभव जोशी एवं नेहा महोबिया द्वारा शासकीय कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास पाली एवं उत्कृष्ट कन्या छात्रावास उमरिया का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।



राज्य स्तर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर द्वारा बालिकाओं को कैरियर चयन एवं पुस्तकालय की पुस्तक के अध्यापन एवं उमंग हेल्पलाइन नंबर 14425 आदि के बारे में विस्तृत रुप से बताया गया एवं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा छात्रावास की स्वच्छता बच्चों की आवश्यकता के अनुसार मीनू में परिवर्तन एवं बच्चों को अध्यापन कार्य में विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए गए । जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आयोजित नवनियुक्त शिक्षको के ब्रिज कोर्स की समीक्षा बैठक में सभी पात्रता धारी प्राथमिक शिक्षक जिन्होंने बी एड किया है लेकिन डी एड नहीं किया है निर्देशानुसार शतप्रतिशत लिंक में समय सीमा में जानकारी भरना सुनिश्चित करने, इ अटेंडेंस लगाने एवं सभी से आग्रह करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण कराकर एक पेड़ मां के नाम पोर्टल में लगाए गए वृक्ष की फोटो जानकारी के साथ अपलोड करके प्रमाण पत्र प्राप्त करने के निर्देश दिए गए।

## साक्षरता सप्ताह का किया जा रहा आयोजन

**उमरिया।** जिला समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर 8 सितंबर तक साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया जाना है । जिसमें प्रतिदिन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। उन्होने बताया कि 4 सितंबर को साक्षरता पंजीयन का अद्यतन, एनआईएलपी मे असाक्षरों की इंट्री एवं पठन पाठन, सर्वे के दौरान छात्र छात्राओ व्दारा लाए गए निर्धारित प्रपत्रो को सामाजिक चेतना केंद्र मे उपलब्ध साक्षरता पंजी में अद्यतन किया जाएगा । प्रत्येक ग्राम के प्रधानाध्यापक व्दारा असाक्षर पंजी का संधारण किया जाएगा ।सर्वे से निकलकर आए असाक्षरों को ईच वन टीच वन के छात्र छात्राओं के माध्यम से पठन पाठन कराया जाएगा । पढाने वाले छात्र व असाक्षर व्यक्तियों की नामजद सूची तैयार की जाएगी इसके अतिरिक्त शेष असाक्षरो को साक्षर साथियों के माध्यम से पठन पाठन कराया जाएगा । इसी तरह 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यालय, महाविद्याल में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों व्दाारा साक्षरता के महत्व एवं सभी के लिए शिक्षा पर छात्र छात्राओ एवं पालकों से परिचर्चा की जाएगी । साक्षरता गीत, अक्षर साथी बनने हेतु प्रेरित करते हुए नाटकों एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा । 6 सितंबर को साक्षरता कार्यक्रम के प्रचार प्रसार एवं जागरूकता हेतु दीवालो पर नारे लेखन करवाने एवं ऐसे घर जिनके असाक्षरो का सर्वे रह गया हो उन घरों का सर्वे कराया जाएगा । 7 सितंबर को अक्षर साथी चिन्हांकित असाक्षरो से संपर्क कर उन्हे शिक्षा के महत्व को समझाते हुए अध्य्यन केन्द्रों पर आने हेतु आमंत्रित करेगे । अध्ययन केंद्र पर ढोलक, मंजीरों आदि के साथ साक्षरता गीत एवं स्थानीय भाषा मे लोक गीत गायन, निबंध प्रतियोगिता , परिचर्चा , संगोष्ठी कर वातावरण निर्माण किया जाएगा । इसी तरह 8 सितंबर को प्रत्येक विद्यालय में साक्षरता शपथ, अक्षर साथियो का सम्मान एवं प्रमाण पत्र का वितरण, नवसाक्षरो को कार्यक्रम में आमंत्रित कर, उनके जीवन मे आए परिवर्तन के बारे में चर्चा की जाएगी ।

## रामनगर पुलिस ने अपहृत नाबालिग को किया दस्तयाब



**हरिभूमि न्यूज राजनगर।** पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी कोतमा के मार्गदर्शन में थाना रामनगर पुलिस ने एक नाबालिग बालिका के अपहरण के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए अपहृता को सकुशल दस्तयाब कर लिया। थाना रामनगर में अपराध क्रमांक 120/25, धारा 137 (2) भारतीय न्याय संहिता के तहत दर्ज प्रकरण में अपहृत बालिका कुमारी सजल पाव (परिवर्तित नाम) पिता होतम पाव, उम्र 17 वर्ष 07 माह, निवासी सेमरा, थाना रामनगर को पुलिस टीम ने लगातार प्रयास कर दिनांक 30/08/25 को छत्तीसगढ़ से दस्तयाब किया। दस्तयाब की गई नाबालिग को आवश्यक विधिक कार्यवाही उपरांत उसकी माता सरस्वती पाव (परिवर्तित नाम) के सुपुर्द किया गया। रामनगर पुलिस की इस संवेदनशील एवं त्वरित कार्यवाही से परिजनों में प्रसन्नता है तथा क्षेत्रीय नागरिकों ने पुलिस की तत्परता की सराहना की है।




























## बिरसिंहपुर पाली में गणेशोत्सव की धूम








# 660 मेगावाट की नवीन इकाई के निर्माण में जॉइंट वेंचर अनुबंध हुआ समाप्त

### अमरकंटक थर्मल पावर प्लांट चचाई के निर्माण को झटका

**अमरकंटक थर्मल पावर प्लांट चचाई की 660 मेगावाट की नवीन इकाई के निर्माण में जॉइंट वेंचर अनुबंध समाप्त होने के संबंध मे मध्यप्रदेश शासन के ऊर्जा विभाग मंत्रालय का एक पत्र क्रमांक 10 दिनांक 28 अगस्त 2025 वायरल हो रहा है।**

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



पत्र मे म.प्र. शासन, ऊर्जा विभाग भोपाल के विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी ने प्रबंध संचालक, म.प्र. पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड, जबलपुर को लेख किया है कि संदर्भित पत्र 30.12.2024 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा प्रस्तावित 1*660 मेगावाट अमरकंटक ताप विद्युत गृह, चचाई की स्थापना एसईसीएल के साथ संयुक्त उपक्रम के माध्यम से किये जाने में विभिन्न परिचालन कठिनाईयों का लेख कर, उक्त इकाई की स्थापना म.प्र. पावर जनरेटिंग कंपनी द्वारा स्वयं किये जाने हेतु राज्य शासन द्वारा पूर्व में लिए गए निर्णय को निरस्त किये जाने का प्रस्ताव प्रेषित किया गया है। उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में समन्वय में मुख्यमंत्री से अनुमोदन प्राप्त कर विभाग के पत्र संदर्भित 19.02.2025 के द्वारा कोयला मंत्रालय, भारत सरकार को पत्र प्रेषित किया गया है। समन्वय में मुख्यमंत्री द्वारा लिए गए उपरोक्त निर्णय का मंत्रि-परिषद् द्वारा निम्नानुसार अनुसमर्थन किया गया है जिसमे "निर्णय लिया गया है कि मंत्रि-परिषद् आदेश 28.03.2023 में लिए गए निर्णय में आंशिक संशोधन करते हुए म.प्र. पावर जनरेटिंग कंपनी द्वारा प्रस्तावित 1 गुणा 660 मेगावाट अमरकंटक ताप विद्युत गृह, चचाई की स्थापना भारत सरकार के उपक्रम एसईसीएल के साथ एक संयुक्त उपकम के माध्यम से नहीं किए जाने एवं भविष्य में आवश्यकता होने व किसी ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट का प्रस्ताव प्राप्त होने पर एसईसीएल के साथ संयुक्त उपक्रम के माध्यम से कार्य करने पर नए सिरे से विचार करने हेतु राज्य शासन द्वारा लिए गये निर्णय से कोयला मंत्रालय, भारत सरकार को अवगत कराने के संबंध में मुख्यमंत्रीजी के आदेश का अनुसमर्थन किया जाये।"



# वर्षा ऋतु में अमरकंटक का मौसम हुआ मनमोहक

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।

मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में स्थित पवित्र तीर्थ स्थल अमरकंटक, अपनी प्राकृतिक सुंदरता और शांत वातावरण के लिए जाना जाता है। इस वर्ष मानसून के आगमन के साथ ही, अमरकंटक की प्राकृतिक छटा और भी निखर गई है, जिससे यह पर्यटकों के लिए एक मनमोहक गंतव्य बन गया है। बारिश की बूंदों ने यहाँ के घने जंगलों, झरनों और घाटियों को नया जीवन दिया है। चारों ओर फैली हरियाली, बादलों से ढकी पहाड़ियाँ और धुंध से भरा मौसम एक जादुई दृश्य प्रस्तुत कर रहा है। अमरकंटक में नर्मदा नदी का उद्गम स्थल, दूधधारा और कपिलधारा जैसे प्रसिद्ध झरने भी मानसून के दौरान अपने पूरे वेग में बह रहे हैं, जो पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। स्थानीय निवासियों और पर्यटकों का कहना है कि अमरकंटक का मौसम इस समय बहुत ही सुहावना है। हल्की बारिश और ठंडी हवाएँ यहाँ आने वाले हर व्यक्ति को सुकून का अहसास करा रही हैं। पर्यटन विभाग ने भी अमरकंटक की इस बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए पर्यटकों की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष उपाय किए हैं। सड़कों की मरम्मत और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अमरकंटक का यह मनमोहक मौसम प्रकृति प्रेमियों, फोटोग्राफरों और आध्यात्मिक शांति की तलाश करने वालों के लिए एक आदर्श समय है।

## झूठ के बुनियाद पर वाहवाही लूटने पर आमादा कोतवाली पुलिस

# पीड़ित ने स्वयं पकड़ा चोर, पुलिस खुद की थपथपा रही पीठ

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

गत दिवस अनूपपुर कोतवाली अंतर्गत सायकल चोरी का मामला सामने आया जहाँ चोर को पकडे जाने के मामले में कोतवाली टीआई अरविन्द जैन ने अपने वरिष्ठ अधिकारी और आम जन से वाहवाही लूटने अपनी ऐसी कालर ऊंची की मानो असल में सायकल चोर को कोतवाली पुलिस ने ही पकड़ा हो जिसके लिए बड़े-बड़े डींगे भरे शब्दो में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के निर्देशन में कोतवाली अनूपपुर पुलिस द्वारा दिन दहाड़े घर में घुसकर सायकल चोरी करने वाले शातिर अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है, जिसका झूठा प्रेस विज्ञप्ति जारी किया गया। पुलिस के अनुसार दिलशेर अली राठौर पिता हसन अली राठौर उम्र 42 वर्ष निवासी वार्ड न. 06 सामतपुर अनूपपुर के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 29.08.25 की सुबह करीब




10.45 बजे सामतपुर स्थित घर के अंदर रखी हुई नई काले कलर की रेन्जर सायकल लिखा है जिसकी कीमत करीब 8000 रुपये है किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई। उक्त रिपोर्ट पर थाना कोतवाली अनूपपुर में अपराध क्रमांक 432/25 पंजीबद्ध कर जांच की गई।

### यह सफ़ेद झूठ

प्रेस विज्ञप्ति में बातया गया की टीआई कोतवाली अरविन्द जैन के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक बिनय बैस, आरक्षक अब्दुल कलीम, प्रकाश तिवारी की टीम के द्वारा घटनास्थल एवं आसपास लगे हुए सीसीटीवी कैमरो की मदद से सायकल चोर पीर मोहम्मद उर्फ नाना पिता शेख अब्राहम उम्र करीब 45 साल निवासी खोंगापानी थाना मनेन्द्रगढ़ जिला एम.सी.बी. छत्तीसगढ को गिरफ्तार किया गया। जबकि पूरे प्रेस विज्ञप्ति में कोतवाली टीआई ने यह कही नहीं बताया कि सायक़ल चोर आरोपित मोहम्मद उर्फ नाना पिता शेख अब्राहम को पुलिस ने किस जगह से पकड़ा है, जबकि हकीकत यह है फरियादी दिलशेर अली राठौर ने सायकल चोर आरोपी को खुद ही पकड़ कर कोतवाली लेकर आये और कोतवाली टीआई पूरी कहानी को घुमा कर सायकल चोर को खुद पकड़ कर वाहवाही लूटने की भरपूर कोशिश करते दिखाई पड़े, जब लोगो ने अखबारों में इस घटना को पढ़ा तो पुलिस की भद्दी पिटती नजर आई। सायकल चोरी करके चोर ने उसे कहीं बेच दी खरीददार को भी पकड़ा गया लेकिन पुलिस ने उसको आरोपी क्यू नहीं बनाया। कुल मिलकर टीआई अरविंद जैन अपनी वाहवाही लूटने के चक्कर में पुलिस की छवि को धूमिल कर दिए।

## डोला नगर परिषद की पहलर

# आवारा पशुओं पर लगाये जा रहे रेडियम टैग

हरिभूमि न्यूज राजनगर।

नगर परिषद डोला क्षेत्र में आवारा पशुओं से हो रही लगातार दुर्घटनाओं पर अब लगाम कसने की पहल शुरू हो गई है। गणेश उत्सव जैसे आयोजनों के दौरान नगर के चौक-चौराहों और मुख्य मार्गों पर भीड़भाड़ रहती है, वहीं सड़कों पर बैठे पशुओं की वजह से कई वाहन चालक और राहगीर चोटिल हो चुके थे। इन्हीं घटनाओं को ध्यान में रखते हुए नगर परिषद की टीम ने विशेष अभियान चलाकर आवारा पशुओं पर रेडियम पट्टियां लगाना शुरू किया है। यह व्यवस्था खासकर रात के समय वाहनों की हेडलाइट में दूर से ही चमक उठेगी और चालक आसानी से पशुओं को देख सकेंगे। इससे हादसों पर काफी हद तक रोक लगने की उम्मीद है। नगर परिषद की इस अभिनव पहल की आमजन में खूब चर्चा है। लोगों का कहना है कि प्रशासन का यह प्रयास न केवल सड़क सुरक्षा के



लिए उपयोगी है बल्कि इंसान और पशु दोनों की जिंदगी सुरक्षित करने वाला कदम है।

### जनता की प्रतिक्रियाएँ

स्थानीय व्यापारी सुनील गुप्ता ने कहा यह पहल बहुत जरूरी थी, अब रात में गाड़ी चलाना सुरक्षित होगा। निवासी रीना कोल का कहना है कई बार सड़क पर अचानक पशु दिख जाते थे और हादसा होते-होते बचता था, अब यह खतरा कम होगा। युवा सामाजिक कार्यकर्ता अमित ने कहा "नगर परिषद की यह सोच काबिल-ए-तारीफ है। इंसानों और पशुओं दोनों की सुरक्षा के लिए सही कदम उठाया गया है।

### लगातार जारी रहेगा अभियान

नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और के निर्देशन में बीते चार दिनों से कर्मचारियों ने नगर के विभिन्न वार्डों व हाईवे मार्गों पर घूमने वाले पशुओं को चिन्हित कर रेडियम लगाना शुरू किया है। यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### इनका कहना है

हमारा प्रयास है कि नगर में किसी भी नागरिक को सड़क हादसों का शिकार न होना पड़े। आवारा पशुओं की मौजूदगी हमारी चुनौती रही है, लेकिन रेडियम लगाने से काफी हद तक दुर्घटनाओं पर रोक लगेगी। यह अभियान लगातार जारी रहेगा और जरूरत पड़ने पर इसे और व्यापक किया जाएगा।

**रीनू सुरेश कोल, अध्यक्ष नगर परिषद डोला**

# कोयलांचल में गणेशोत्सव पर्व की धूम

हरिभूमि न्यूज कोतमा।

शनिवार को गणेशोत्सव के समापन के साथ ही घरों और सार्वजनिक स्थलों पर विराजित की जाने वाली प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला शुरू हो जाएगा। जिसे देखते हुए नगर के वार्ड क्रमांक सात में बनाए गए विसर्जन कुंड स्थल की साफ सफाई नपा के द्वारा शुरू करवा दिया गया है। इस बार तेज बारिश होने के कारण नदियों का जलस्तर बढ़ा है, जिसे देखते हुए प्रशासन, भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन सुरक्षित तरीके से हो, इसके लिए नगर पालिका सी यम ओ प्रदीप झारिया के द्वारा विसजर्न कुंड के साथ ही विसजर्न स्थल की साफ सफाई के साथ ही रोशनी की व्यवस्था भी करवाया जा रहा है। नगर पालिका के सी यम ओ प्रदीप झारिया ने कहा कि विसर्जन के दौरान, व्यवस्था को लेकर किए जाने वाले कार्यों के साथ ही विसर्जन स्थल पर पर्याप्त लाईट व्यवस्था के साथ ही दिशा सूचक और बैनर लगावाये जायेगे



ताकि पूरी सुरक्षा और सावधानी के साथ श्रद्धालु विसर्जन कर सके। नगर पालिका सी यम ओ प्रदीप झारिया ने सभी गणेश उत्सव समिति एवं घरों में स्थापित की गई प्रतिमाओं का विसर्जन कुंड में करने की अपील की है। विसर्जन के दौरान स्थलों पर प्रशासन और पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था होगी। विसर्जन के दौरान सुरक्षात्मक और सावधानी पूर्वक तथा किसी की धार्मिक भावना आहत ना हो, इसका पूरा ध्यान रखा जाएगा।

# शिक्षक संगोष्ठी में शिक्षिका गरिमा भारद्वाज ने जिले का बढ़ाया माना

हरिभूमि न्यूज चचाई।

शिक्षक का पद सर्वोपरि है जो गोविंद द्वारा भी बताया गया है शिक्षक निरंतर प्रयासरत रहकर छात्रों के जीवन ज्योति को प्रज्वलित किए हुए हैं अनूपपुर जिले के शासकीय हाई स्कूल बरगवां की शिक्षिका श्रीमती गरिमा भारद्वाज ने अपने निरंतर प्रयासों व प्रतिभा के बल पर विभिन्न क्षेत्रों में चरितार्थ किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनूपपुर जिले के चारों विकास खंडो में शिक्षकों के मध्य शिक्षक संगोष्ठी 2025 विषय शिक्षण संस्थानों में नवाचार विषय पर प्रतिस्पर्धा



आयोजित की गई जिसमें प्रत्येक विकासखंड से दो-दो शिक्षक जिला स्तर की संगोष्ठी हेतु चयनित हुए 23 अगस्त को जिला स्तर शिक्षक संगोष्ठी 2025 शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर में संयुक्त संचालकों की उपस्थिति में आयोजित हुई जिसमें प्रत्येक विकासखंड से आए हुए शिक्षकों के मध्य आयोजित हुई जिसमें प्रत्येक प्रतिभागी को अपनी-अपनी बात रखने हेतु 5 मिनट का समय दिया गया जिसमें सभी ने अपने-अपने विचार रखें शिक्षिका श्रीमती गरिमा भारद्वाज को अनूपपुर जिले से राज्य स्तरीय शिक्षक संगोष्ठी 2025 हेतु चयनित किया गया। दिनांक 30 अगस्त को नरोनहा प्रशासनिक अकादमी भोपाल में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता संचनालय के प्रमुख अधिकारियों जिसमें मुख्य अतिथि संचालक डी पी आई, संयुक्त संचालक एवं अपर संचालक की उपस्थिति में शासकीय हाई स्कूल बरगवां की शिक्षिका श्रीमती गरिमा भारद्वाज ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले को गौरवान्वित किया है।

# भारतीय किसान संघ जिला इकाई उमरिया ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

**बिरसिहपुर पाल उमरिया** जिले के विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से लगे ग्रामीण क्षेत्रों में आगामी दिनों में 12 किसानों के ऊपर झूठे केस दर्ज किए गए इस संबंध में भारतीय किसान संघ ने अपना विरोध प्रस्तुत किया एवं कलेक्टर उमरिया को राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया ।भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल ने प्रशासन में इस कृत्य की घोर निंदा की एवं जांच कर दोषियों पर कानूनी कार्यवाही की मांग की है, साथ ही साथ जो किसान भाइयों के ऊपर केश दर्ज किए है उन्हें वापस लेने की मांग की गई है। वर्तमान में बांधवगढ़ के एसडीओ भूरा



गायकवाड़ के द्वारा जंगल से लगे क्षेत्र से पियरी निकल रहे ग्रामीण किसानों एवं रास्ते से निकल रहे किसानों पर झूठा केस दर्ज किया है, एवं उनके साथ पाटौर चौकी में मारपीट की है। भारतीय किसान संघ प्रशासन से मांग किया है कि एसडीओ के खिलाफ जांच कर कानूनी कार्यवाही की जाए, भारतीय किसान संघ ने स्पष्ट किया है कि स्पष्ट जांच एवं कार्यवाही न होने पर भारतीय किसान संघ उग्र आंदोलन करेगा जिसकी पूर्ण जवाबदारी जिला प्रशासन की होगी। भारतीय किसान संघ के जिला कार्यकारिणी के जिला अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल, उपाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी, जिला प्रचारक श्याम गुप्ता एवं किसान जिला कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों के लिए आधार, अब स्कूल के द्वार अभियान किया जा रहा संचालित

**अनूपपुर।** प्रदेश में स्कूल के विद्यार्थियों के आधार कार्ड स्कूल में ही तैयार करने और अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट (एमबीयू) को सुगम बनाने के लिए "विद्यार्थियों के लिए आधार, अब स्कूल के द्वार" अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान में अब सभी सरकारी स्कूलों के प्राचार्यों को पोर्टल पर अपने विद्यार्थियों के लंबित बायोमेट्रिक अपडेट की जानकारी उपलब्ध होगी। विद्यार्थियों के एमबीयू को और सुगम बनाने के लिए, यूआईडीएआई और भारत सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की तकनीकी टीमों ने पोर्टल के माध्यम से यह नया समाधान लागू किया है। अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के आधार में अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट सुनिश्चित करना है, जिसमें उंगलियों के निशान, आईरिस स्कैन और तस्वीर शामिल हैं। अपडेटेड आधार विद्यार्थियों के लिए स्कूल प्रवेश, प्रवेश परीक्षाओं, छात्रवृत्ति और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) योजनाओं जैसी सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए आवश्यक है। स्कूल शिक्षा विभाग ने जिला प्रशासन, जिला शिक्षा अधिकारियों और स्कूल प्राचार्यों को निर्देश जारी किये हैं कि वे इस पोर्टल का उपयोग कर अधिक से अधिक विद्यार्थियों के आधार अपडेट सुनिश्चित करें। विद्यार्थी इस अभियान के तहत स्कूलों में आयोजित शिविर या निकटतम आधार सेवा केंद्र पर जाकर अपने एमबीयू पूर्ण कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि आधार में पहला अपडेट तब आवश्यक है जब बच्चा 5 वर्ष का हो जाए। पहला एमबीयू 5 से 7 वर्ष की आयु के बीच पूरा होने पर निःशुल्क है। सात वर्ष से अधिक आयु होने पर शुल्क लागू होगा। दूसरा एमबीयू 15 वर्ष की आयु पर आवश्यक है। तीसरा एमबीयू 15 से 17 वर्ष की आयु के बीच निःशुल्क है, लेकिन 17 वर्ष के बाद शुल्क लागू होगा। यह अभियान विद्यार्थियों को समय पर आधार अपडेट की सुविधा प्रदान कर उनकी शिक्षा और कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ने की प्रक्रिया को और सरल बनाएगा।

### पर्यावरण को खतरा पहुंचाने वाले आरोपियों की जमानत निरस्त

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** लोक अभियोजक पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा द्वारा बताया गया कि आरोपी शिव प्रसाद कोल, रानू प्रसाद कोल, रवि पनिका और कृष्णा कोल के द्वारा बिजौडी जंगल क्षेत्र में लगे जाली तार फेंसिंग तार जो कि कीमती वृक्षे की सुरक्षा हेतु लगाये गये थे उसे आरोपियों द्वारा 22 अगस्त को रात्रि 08 बजे बीट दैखल पश्चिम अंतर्गत कक्ष क्रमांक आर.एफ. 410 रकवा 25.00 हेक्टेयर में मिश्रित वृक्षारोपण वर्ष 2024-25 में चैनलिंक तार से चारो तरफ फेंसिंग किये हुये तार को चुरा कर ले गये। सूचना पर थाना कोतवाली अनूपपुर द्वारा कार्यवाही करते हुये पता तलाशी करते हुये आरोपियों शिव प्रसाद कोल, रानू प्रसाद कोल और कृष्णा कोल को पकडा गया और आरोपी रवि पनिका फरार हो गय तथा उनके कब्जे से 02 बंडल जप्त किया गया। अपराध के सबंध में थाना कोतवाली अनूपपुर में अपराध 424/2025 पंजीकृत किया गया और पकडें गये आरोपियो को गिरफतार कर जेल भेज दिया गया।

## जांच में प्रमाणित हुई डॉक्टर की लापरवाही, कलेक्टर ने कमिश्नर को भेजा प्रतिवेदन

# 'कलयुग के भगवान' की लापरवाही ने ले ली मासूम की 'जान'

जिले के बिजुरी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिजुरी में गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। बिजुरी वार्ड क्रमांक 12 गुलाब ग्राउंड निवासी नकीम कुरैशी के 6 वर्षीय पुत्र सुफियान कुरैशी की जहरीले सर्पदंश के बाद उपचार में लापरवाही के चलते मौत हो गई।

**बिजुरी हरिभूमि न्यूज**

पीड़ति पिता नकीम कुरैशी ने 3 सितंबर को कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर हर्षल पंचोली को लिखित शिकायत सौंपी और स्वास्थ्य केंद्र बिजुरी के डॉक्टर मनोज सिंह पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर ने एसडीएम कोतमा को जांच सौंपी। जांच उपरांत आरोप सही पाए गए, जिसके बाद कलेक्टर ने डॉक्टर मनोज सिंह के खिलाफ कार्रवाई हेतु प्रतिवेदन कमिश्नर शहडोल को भेज दिया। साथ ही पीड़ति परिवार को रेडक्रॉस से सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया गया। पीड़ति पिता के अनुसार 31 अगस्त की रात लगभग 12 बजे उनका बेटा सुफियान सोते समय सांप के काटने से घायल हो गया। परिजनों ने तुरंत बच्चे को बिजुरी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, लेकिन वहां डॉक्टर मौजूद नहीं थे। कम्पाउंडर ने डॉक्टर के निर्देश पर एक इंजेक्शन लगाया और बच्चा रातभर अस्पताल में पड़ा रहा। सुबह घर लौटने के बाद बच्चे की हालत बिगड़ने लगी। परिजन उसे दोबारा बिजुरी अस्पताल लाए, जहां से उसे गंभीर स्थिति में अनूपपुर जिला अस्पताल और फिर मनेंद्रगढ़ होते हुए अंबिकापुर रेफर कर दिया गया। दुर्भाग्य से अंबिकापुर ले जाते समय रास्ते में ही बच्चे की मौत हो गई। नकीम कुरैशी ने आरोप लगाया कि यदि डॉक्टर ने समय पर उचित उपचार किया होता तो उनके बेटे की जान बचाई जा सकती थी, लेकिन लापरवाही और उदासीनता के चलते मासूम को अपनी जान गंवानी पड़ी। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच करवाई। रिपोर्ट में डॉक्टर की लापरवाही प्रमाणित होने पर कार्रवाई की संस्तुति करते हुए प्रतिवेदन कमिश्नर शहडोल को भेजा गया है।




### कलेक्टर ने यह की थी अपील

15 जुलाई 2025 को अनूपपुर कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जनसंपर्क के माध्यम से अपील की थी कि जन सामान्य को चाहिए कि वे वर्षा ऋतु में विशेष सतर्कता बरतें। झाड़ियों, पुआल के ढेर, लकड़ी के गट्ठर आदि स्थानों में काम करने से पहले वहां डंडे या लाठी से हल्का प्रहार करें। अंधेरे में टॉर्च का उपयोग करें और बच्चों को बिना देखरेख खुले स्थानों पर न भेजें। घर के आसपास साफ-सफाई रखें, झाड़ियाँ काटें और कूड़ा-कचरा हटाएं। घरों की दीवारों में मौजूद दरारें बंद करें और खुले में सोने से परहेज़ करें। यदि किसी को सर्प ने डस लिया हो तो घबराएं नहीं, शरीर को शांत रखें और तुरंत नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल पहुँचें। घाव को चाकू से काटना, चूसना या उस पर कोई रसायन लगाना अत्यंत हानिकारक है। झाड़-फूंक, टोना-टोटका या तांत्रिक क्रियाओं में समय न गंवाएं। यह समय जीवन रक्षक हो सकता है, इसलिए हर क्षण अमूल्य है। सर्पदंश ग्रसित व्यक्ति को यथाशीघ्र नजदीकी अस्पताल ले जाएं। यदि संभव हो तो सांप का रंग, लंबाई या कोई चित्र याद रखें लेकिन उसे मारने या पकड़ने का प्रयास न करें, क्योंकि इससे और खतरा हो सकता है। कई बार सांप विषैला नहीं भी होता, पर उपचार में देर जानलेवा साबित हो सकती है। सभी नागरिकों से अपील है कि वे सर्पदंश से संबंधित इस आपदा को गंभीरता से लें। शासन एवं जिला प्रशासन द्वारा किए गए प्रबंध तभी प्रभावी होंगे जब नागरिक स्वयं भी सावधानी बरतेंगे, समय पर उपचार लेंगे और जागरूकता फैलाने में सहयोग करेंगे। संयुक्त प्रयासों से ही सर्पदंश से होने वाली जनहानि को नियंत्रित किया जा सकता है।

### इनका कहना है

मामले में एसडीएम कोतमा को जांच के निर्देश दिये गये थे, जहां आरोपी सही पाये जाने पर प्रतिवेदन कमिश्नर शहडोल को प्रेषित किया गया है। इसके साथ ही रेडक्रॉस से पीड़ति परिवार की सहयता की जा रही है।

**हर्षल पंचोली**

## आफत बनकर टूटकर गिरा लोगों को बचाने वाला रामसेतु का तड़ित चालक, युवक घायल

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।**

पवित्र नगरी अमरकंटक के रामघाट स्थित नवनिर्मित रामसेतु पर रविवार शाम लगभग 5 बजे बड़ा हादसा टल गया। तेज हवा के झोंके से सेतु के पाये पर लगा तड़ति चालक (लाइटनिंग अरेस्टर) टूटकर नीचे गिर पड़ा, जिससे अनूपपुर निवासी 35 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान 35 वर्षीय कृष्णकांत उईके पिता मुन्नालाल उईके निवासी अनूपपुर के रूप में हुई है। घटना के समय वह सेतु पर खड़े होकर नर्मदा दर्शन कर रहा था। अचानक हवा के तेज झोंके से ऊपरी हिस्से का तड़ति चालक टूटकर गिरा और उसके कंधे पर आ लगा। स्थानीय लोगों की



मदद से युवक को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरकंटक ले जाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसे अनूपपुर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

### हो सकती थी बड़ी दुर्घटना

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के समय पुल पर भीड़ कम थी, अन्यथा बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। नगर परिषद के कर्मचारियों ने मौके पर पहुँचकर स्थिति का जायजा लिया। गौरतलब है कि रामसेतु का निर्माण मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा लगभग 12 करोड़ रुपए की लागत से कराया गया था, जिसका उद्घाटन हाल ही में मुख्यमंत्री ने किया था। हादसे ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, क्योंकि तड़ति चालक मात्र एक इंच की पकड़ में फंसा हुआ था, जो हल्की हवा में ही उखड़ गया। स्थानीय नागरिकों और पर्यटकों ने प्रशासन से मांग की है कि सेतु की पूरी तकनीकी जांच कराई जाए और सुरक्षा प्रबंधन को मजबूत किया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों।

## मप्र बाह्यस्त्रोत विद्युत कर्मचारी संगठन की जिला स्तरीय बैठक संपन्न



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**

बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित अमरकंटक तिराहा के पास आर्शीवाद मैरिज गार्डन मे मध्यप्रदेश बाह्यस्त्रोत विद्युत कर्मचारी संगठन की जिला स्तरीय सफल बैठक आयोजित हुई, जिसमे जिले भर में बिजली कंपनी में कार्य करने वाले आउटसोर्स कर्मचारी सम्मिलित हुये। बैठक मे पदाधिकारियों ने कहा कि बिजली कंपनी मे 51 हजार नवीन पदों पर भर्ती की स्वीकृति शासन स्तर से दी गई है। पदाधिकारियों ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य है कि बिजली कंपनी में कार्यरत समस्त अनुभवी आउटसोर्स कर्मचारियों को विभागीय परीक्षा के माध्यम से बिजली कंपनी में संविलियन किया जाए। इसके साथ ही पूरे जिले में समस्त आउटसोर्स कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को ले कर भी चर्चा हुई तथा संगठन के आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में कर्मचारियों को अवगत करवाया गया। ज्ञात हो कि मध्यप्रदेश बाह्यस्त्रोत विद्युत कर्मचारी संगठन पूरे प्रदेश भर में कर्मचारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है जिसमें सम्मत जिलों में बैठकों का दौर जारी है।

## कल धूमधाम से मनाया जायेगा जश्ने ईद मिलाद-उन-नबी

# मुकम्मल किये बच्चों का किया जायेगा इस्तकबाल

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**

ईद मिलाद-उन-नबी मुस्लिम समुदाय का एक प्रमुख पर्व है। इस्लामी पंचांग के अनुसार यह रबी-उल-अव्वल माह में मनाया जाता है, जिसे इस्लामी इतिहास में अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है, इस साल पैगंबर साहब के जन्मदिन के 1500 साल पूरे हो रहे हैं जो कि अत्यंत खुशी का मौका है। अनूपपुर अंजुमन सदर मो लियाक़त अली ने बातया की ईद मिलाद उन नबी का त्यौहार 05 सितम्बर शुक्रवार को बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा जिसकी तैयारी नगर में बड़ी धूमधाम से चल रही हैं नगर को सजाया जा रहा है मस्जिदों को सजाया जा रहा है लोग अपने घरों पर लाइटिंग लगा रहे हैं घरों को सजा रहे हैं। इस अवसर पर जुमा की नमाज के बाद जुलूस का आयोजन मुस्लिम समाज द्वारा नगर में किया जाएगा जो जामा मस्जिद से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों बस स्टैंड होकर वापस जामा मस्जिद पर पहुंचेगा।




### यह होंगे प्रोग्राम

5 सितम्बर को जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर अंजुमन इस्लामिया कमेटी अनूपपुर के जनिब से जिला वक्फ कमेटी के अध्यक्ष इरशाद अहमद व सदर मो लियाक़त अली की सरपरसती मे बाद नामज ईशा बच्चों का नात, प्रोग्राम, मदरसे मे कुरान शरीफ मुकम्मल किये गए बच्चों का इस्तकबाल, व इस साल कक्षा 10वीं व 12 वी पास बच्चों को इनाम का प्रोग्राम जामा मस्जिद के सामने रखा गया है। सदर मो लियाक़त अली ने जानकारी देते हुए बताया की जश्नें ईद मिलादुन्नबी का मतलब है हज़रत मुहम्मद का जन्म दिन है। यह त्यौहार 12 रबी अल-अव्वल को मनाया जाता है मिलादुन्नबी संसार का सबसे बड़ा जशन माना जाता है, जिसे मनाने के लिए अनूपपुर मे भी तैयारी जोरो पर है, 05 सितम्बर को जुमा की नमाज के बाद जुलुस निकाला जाएगा जो की मस्जिद के सामने से होता हुआ थाने चौराहा व बस स्टैंड जायेगा जहाँ पर बस स्टैंड युवा कमेटी द्वारा जुलूस का जोरदार इस्तकबाल किया जाएगा।

### कलेक्टर ने नियुक्त किए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट

त्यौहार के अवसर पर प्रातः 9:30 बजे नगरों के विभिन्न मार्गो से होते हुए जुलूस निकाला जाएगा, जो मस्जिद से निकलकर वापस मस्जिद पर दोपहर 1 बजे तक समाप्त हो जाएगा, जिसमें अत्यधिक संख्या में लोग सम्मिलित होंगे। उक्त त्यौहार के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट हर्षल पंचोली ने कार्यपालिक मजिस्ट्रेट्स की नियुक्ति की है। साथ ही उन्होंने कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के सहयोग हेतु संबंधित नगरीय क्षेत्र के मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। अनूपपुर थाना क्षेत्रांतर्गत तहसीलदार अनूपपुर ईश्वर प्रधान, थाना चचाई क्षेत्रांतर्गत नायब तहसीलदार अनूपपुर कौशलेन्द्र शंकर मिश्रा, थाना भालूमाड़ा क्षेत्रांतर्गत नायब तहसीलदार अनूपपुर मिथला प्रसाद पटेल, जैतहरी/ वेंकट नगर थाना क्षेत्रांतर्गत प्रभारी तहसीलदार जैतहरी रमाकांत तिवारी, कोतमा थाना क्षेत्रांतर्गत प्रभारी तहसीलदार कोतमा दशरथ सिंह, बिजुरी थाना क्षेत्रांतर्गत नायब तहसीलदार कोतमा धनीराम ठाकुर, रामनगर थाना क्षेत्रांतर्गत नायब तहसीलदार कोतमा ज्ञानदास पनिका, थाना राजेन्द्रग्राम क्षेत्रांतर्गत प्रभारी तहसीलदार पुष्पराजगढ़ संजय कुमार जाट, थाना अमरकंटक क्षेत्रांतर्गत नायब तहसीलदार पुष्पराजगढ़ सोहनलाल कोल तथा थाना करनपठार क्षेत्रांतर्गत नायब तहसीलदार पुष्पराजगढ़ राजेन्द्रदास पनिका को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

**तुलसी महाविद्यालय स्टाफ गायब और छात्र गंदगी में पढ़ाई करने को मजबूर**

## काग़ज़ों में एक्सीलेंस, हक़ीक़त में बदबू का राज

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**

अनूपपुर का शासकीय तुलसी महाविद्यालय, जिसे प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का दर्जा दिया गया है, वह पूरी तरह अव्यवस्था और लापरवाही के दलदल में फँस चुका है। यह संस्थान पढ़ाई का केंद्र न रहकर अब गंदगी, ताले और गैर-जिम्मेदारी का प्रतीक बन गया है। प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार सक्सेना छुट्टियों का आनंद ले रहे हैं और उनकी अनुपस्थिति में प्रभारी प्राचार्य के रूप में वनस्पति शास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापक राधा सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई, लेकिन यह जिम्मेदारी निभाने के बजाय प्रभारी प्राचार्य कुछ ही घंटों के लिए कॉलेज आईं और वापस चली गईं। परिणामस्वरूप प्राचार्य कक्ष, लेखा शाखा और छात्रवृत्ति शाखा पर दिन-दोपहर में ही ताले लटके रहे और पूरा कॉलेज लावारिस हालात में पड़ा रहा। इसी बीच कॉलेज के शिक्षकों का रवैया भी किसी से छिपा नहीं रहा। प्रोफेसर अजय राज सिंह और डॉ. देवेंद्र सिंह बागरी के बीच तीखी बहस हो गई। दोनों के बीच "फालतू बातें मत करो" जैसे शब्दों की नोकझोंक ने माहौल को गरमा दिया और छात्र-छात्राएं शिक्षा लेने की बजाय यह तमाशा देखने को मजबूर हो गए, लेकिन असली शर्मनाक तस्वीर सामने आई कॉलेज की सफाई व्यवस्था से। डॉ. देवेंद्र सिंह बागरी ने खुद खुलासा किया कि विभाग के पास बने बाथरूम की कई दिनों से सफाई नहीं हुई है। बदबू इतनी भयानक है कि क्लासरूम में पढ़ाई करना असंभव हो गया है। एलर्जी और बीमारियों का खतरा बढ़ता जा रहा है, लेकिन सफाई कर्मचारी मनमानी कर रहे हैं और शिकायतों के बावजूद प्राचार्य तथा प्रशासन चुप्पी साधे हुए हैं। जब प्रशासन ने जिम्मेदारी से मुँह मोड़ लिया तो छात्र नेताओं को आगे आना पड़ा। शिवम पटेल और सचिन पटेल ने स्वयं कॉलेज में सफाई अभियान की शुरुआत की और झाड़ू-पोंछा कर शौचालय तथा परिसर को साफ किया। यह कोई नई समस्या नहीं है। पहले भी कई बार अखबारों में महाविद्यालय की बदहाली की खबरें प्रकाशित हो चुकी हैं, लेकिन हालात जस के तस हैं और प्रशासन की नींद अब तक नहीं टूटी है। अब सवाल यह है कि क्या यही वह प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस है, जिस पर गर्व किया जाता है? जब प्राचार्य छुट्टियों का मज़ा लें, प्रभारी जिम्मेदारी से भाग जाएं, स्टाफ आपस में झगड़े और छात्रों को ही झाड़ू उठानी पड़े, तो प्रशासन आखिर किस बात की तनख्वाह ले रहा है? यह कॉलेज किस चीज़ में एक्सीलेंस दिखा रहा है दू गंदगी में, लापरवाही में या गैर-जिम्मेदारी में? अब वक्त आ गया है कि पूरा प्रशासन नींद से जागे और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए। यदि हालात ऐसे ही बने रहे तो यह महाविद्यालय छात्रों का शिक्षा मंदिर न रहकर केवल लापरवाही और गंदगी का कब्रिस्तान बनकर रह जाएगा।



## अमरकंटक के जंगल में तेंदुए के अवैध शिकार के दो आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।**

वनमण्डल अनूपपुर के अंतर्गत वन परिक्षेत्र अमरकंटक के बीट दमगढ़ स्थित कक्ष क्रमांक पी.एफ. 219 में दिनांक 29 अगस्त 2025 को गश्ती के दौरान एक तेंदुए का शव क्षत-विक्षत अवस्था में पाया गया। यह गंभीर अपराध वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 (संशोधित अधिनियम 2022) की धारा 2 (16), 9, 39, 50, 51, 52 एवं 48। के अंतर्गत दर्ज किया गया। मामले को वन अपराध प्रकरण क्रमांक 4959/16 दिनांक 29.08.2025 के रूप में पंजीबद्ध किया गया। शव परीक्षण के उपरांत वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में दाह संस्कार किया गया। अमरकंटक वन परिक्षेत्र अधिकारी वीरेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि जाँच के दौरान अवैध शिकार में संलिप्त 3 आरोपियों में से 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों मे देव सिंह उर्फ देवा पिता जवाहर सिंह गोंड़, उम्र 40 वर्ष तथा नवल सिंह पिता समरत सिंह गोंड़, उम्र 39 वर्ष दोनों निवासी हर्राटोला (बरसोत), पोस्ट जोहिला बांध, थाना अमरकंटक हैं। दोनों आरोपियों को 31 अगस्त को गिरफ्तार कर 1 सितम्बर को माननीय न्यायालय प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्रग्राम के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहाँ से उन्हें जिला जेल अनूपपुर की अभिरक्षा में भेज दिया गया है। वन विभाग ने बताया कि इस प्रकरण में एक आरोपी अब भी फरार है, जिसकी तलाश निरंतर की जा रही है।



**कार्यालय नगर परिषद अमरकंटक, जिला अनूपपुर (म.प्र.)**

1212, 1214,1216/ई-टेंडरिंग/अमरकंटक/2025 **(प्रथम आमंत्रण) अनुभाग-1** अमरकंटक दिनांक-30/08/2025

निम्नलिखित कार्यो के लिये ऑनलाइन प्रतिशत दर की निविदा पंजीकृत ठेकेदारो और पंजीकरण मापदंडो को पूरा करने वाली फर्मो से आमंत्रित की जाती है :-

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (रू) लाख मे | धरोहर राशि ईएमडी (रू) में | निविदा प्रपत्र का लागत (रू) में | ठेकेदार की श्रेणी | आनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | 2025_UAD_448294_1 | वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु निर्माण सामग्री कार्य की वार्षिक निविदा दर आमंत्रण | 20,00,000/- | 15000/- | 2000/- | ठेकेदार न्यू सेंट्रलाइज्ड PWD पंजीकरण प्रणाली के माध्यम से पंजीकृत | 01/10/25 |
| 2 | 2025_UAD_448295_1 | वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु फ्लैक्स बैनर प्रिंटिंग कार्य की वार्षिक निविदा दर | 15,00,000/- | 11250/- | 2000/- | ठेकेदार न्यू सेंट्रलाइज्ड PWD पंजीकरण प्रणाली के माध्यम से पंजीकृत | 01/10/25 |
| 3 | 2025_UAD_448296_1 | वार्ड क्र. 08 में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य | 24,66,445 /- | 18500/- | 5000/- | ठेकेदार न्यू सेंट्रलाइज्ड PWD पंजीकरण प्रणाली के माध्यम से पंजीकृत | 01/10/25 |

1. इच्छुक निविदाकार बेबसाइट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर एनआईटी देख सकते है। 2.निविदा प्रपत्र 10:30 समय 01/09/2025 दिनांक से 17:30 समय 01/0/2025 तक ऑनलाइन खरीदा जा सकता है। 3. एनआईटी में संशोधन यदि कोई हो तो केवल बेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा और समाचार पत्र में नही। 4. विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समय में निर्माण शाखा में देखी व प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद अमरकंटक
जिला अनूपपुर (म.प्र.)